## खबर संक्षेप

### करंट से युवक की मौत

**डौंडीलोहारा।** मंगचुवा थाना क्षेत्र के ग्राम तुरमुड़ा में एक दर्दनाक हादसे में कूलर में पानी भरते समय करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। घटना 3 मई की सुबह लगभग 8 बजे की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम तूरमुड़ा निवासी गजेन्द्र साहू (32 वर्ष) अपने घर में लगे कूलर में पानी भर रहा था। इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आ गया। परिजन तत्काल उसे निजी साधन से डौंडीलोहारा स्थित अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने बताया कि मृतक का विवाह समारोह दो दिन पहले ही संपन्न हुआ था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कूलर का स्विच बंद था, लेकिन उसका तार स्विच बोर्ड में लगा हुआ था और बिजली आपूर्ति चालू थी। पानी भरने के दौरान इसी वजह से करंट फैल गया, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई एवं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में मर्ग कायम कर केस डायरी संबंधित थाना क्षेत्र को भेजी जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल

**बालोद।** मोटर सायकल के माध्यम से जा रहे दो लोगो को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिसके बाद युवक ने अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जिसमे पुलिस ने धारा 184, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गुरूर निवासी यशवन्त कुमार ने पुलिस को बताया कि रात्रि फोन के माध्यम से शेष पेज 12 पर

**सियासत :** मोदी के नेतृत्व और कार्यकर्ताओं की मेहनत की जीत

# भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर जश्न कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर गुण्डरदेही भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष गुलशन साहू के नेतृत्व मे कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

इस अवसर पर धमतरी चौक गुण्डरदेही मे आतिशबाजी कर व मिठाई खिलाकर एक–दूसरे को बधाई दी है। गुलशन साहू ने देश की जनता के विश्वास और विकास की जीत बताया। उन्होंने कहा कि यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों और संगठन की नीतियों पर जनता की



मुहर है। यह जीत देश के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम है। युवा मोर्चा के सभी साथियों ने संकल्प लिया कि वे इसी उत्साह के साथ जनसेवा के कार्यों में निरंतर लगे रहेंगे। इस अवसर पर युवा मोर्चा के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विधानसभा चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत पर गुण्डरदेही में उत्साह

**गुण्डरदेही।** देश में हो रहे विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिली प्रचंड बहुमत से गुण्डरदेही क्षेत्र में खुशी की लहर है। भाजपा नेता सतीश साहू ने कहा है कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश के प्रति समर्पण और देश को ऊंचाइयों पर ले जाने के उनके प्रतिबद्धता से जनता का अटूट विश्वास उन पर हुआ है, विषम परिस्थितियों में भी प्रधानमंत्री मोदी ने देश को अखंड और मजबूत बनाए रखने में योगदान दिया है चाहे कोविड के समय में देशवासियों को त्वरित इलाज सुविधा टीका करण देने की बात हो, चाहे देश को नक्सल मुक्त करने की बात हो या फिर वर्तमान में विश्व में छिड़ी जंग के बीच देश की जरूरतों को पूरा करने की बात हो उसी का परिणाम आज भारतीय जनता पार्टी के ऊपर विश्वास करते हुए देश के लोगों ने पूर्ण बहुमत देते हुए पश्चिम बंगाल, असम, पांडिचेरी आदि राज्यों में भारी बहुमत से जीत



दर्ज की है। साहू ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अब पश्चिम बंगाल विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगी पिछले 15 साल से अराजकता के दौर से गुजर रहा यह राज्य पुनः देश की आर्थिक राजधानी बनेगी वंही असम सहित पूरे पुर्वोत्तर राज्यों में विकास की गाथा लिखी जाएगी, मणिपुर को भी भय– आकांत से मुक्त कराया जाएगा दक्षिण के राज्य पांडिचेरी में भी नई विकास की नींव रखी जाएगी। प्रदेश कार्य समिति सदस्य किसान मोर्चा श्रीकांत शेष पेज 12 पर

### भाजपा की शानदार बढ़त पर प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने जताया हर्ष



**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री यशवन्त जैन ने पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों के नतीजों में भाजपा एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की शानदार बढ़त व ऐतिहासिक प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त किया है। महामंत्री श्री जैन ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व, श्सबका साथ–सबका विकासश के मंत्र और पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम की जीत बताया और इस अभूतपूर्व और ऐतिहासिक सफलता के लिए इन राज्यों की देवतुल्य जनता का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के परिणाम स्पष्ट करते हैं कि देश की जनता ने तुष्टीकरण और अराजकता की राजनीति को नकारते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के श्सबका साथ, सबका विकासश के संकल्प और सुशासन के प्रति अपना पूर्ण विश्वास प्रकट किया है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री जैन कहा कि यह परिणाम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की जन–कल्याणकारी नीतियों और हमारे करोड़ों कार्यकर्ताओं के अनथक परिश्रम की जीत है। इन राज्यों में विकास की नई ऊँचाइयों को छूने के लिए भाजपा सरकारें पूरी निष्ठा से कार्य करेंगी।

# जेठ की भीषण गर्मी, सड़कों पर पसरा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



जेठ माह की भीषण गर्मी ने नगरवासियों की दिनचर्या पूरी तरह बदल दी है। रविवार को तापमान लगभग 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचते ही जनजीवन अस्त-व्यस्त नजर आया। तेज धूप और झुलसा देने वाली गर्म हवाओं के कारण सुबह 10 बजे के बाद से ही सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है, जो शाम 6 बजे तक बना रहता है।

नगर के प्रमुख बाजार, चौक-चौराहे और व्यस्त रहने वाली सड़कें दोपहर के समय सूनी दिखाई दे रही हैं। ऐसा प्रतीत होता है मानो शहर थम सा गया हो। लोग जरूरी कार्य सुबह जल्दी या शाम ढलने के बाद ही निपटा रहे हैं, जबकि दोपहर के समय घरों में ही दुबके रहने को मजबूर हैं। मौसम के तेवर दिन-ब-दिन और तल्ख होते जा रहे हैं। आसपास के कई शहरों में तापमान 44 से 45 डिग्री तक पहुंचने की खबरें सामने आ रही हैं, जिससे हीट वेव का असर डौंडीलोहारा में भी स्पष्ट रूप से महसूस किया जा रहा है। लू के थपेड़े लोगों को झुलसा रहे हैं और बाहर निकलना जोखिम भरा हो गया है। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय अपना रहे हैं। बाजारों में लस्सी, आम पना, बेल जूस, गन्ने का रस जैसे ठंडे पेय पदार्थों की मांग बढ़ गई है। वहीं ग्लूकोज, इलेक्ट्रॉल, ठंडा पाउडर और सिर पर लगाने वाले तेलों का उपयोग भी लोग कर रहे हैं ताकि शरीर को ठंडक मिल सके। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने नागरिकों को दोपहर शेष पेज 12 पर







## खबर संक्षेप



### बेटियों को अवश्य लगवाएं एचपीवी वैक्सीन : महापौर

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्रांतर्गत महापौर अलका बाघमार जनप्रतिनिधियों के साथ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, धमधा नाका में आयोजित एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम में पहुँचीं। इस दौरान उन्होंने उपस्थित नागरिकों से संवाद कर टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य देव नारायण, रंजीता पाटिल, विद्यावती सिंह, सावित्री दमाहे, सुरूचि उमरे, अरुण सिंह,युवराज कुंजाम,ललिता ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। महापौर ने बताया कि एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है। 14-15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं को इस गंभीर बीमारी से बचाव हेतु दुर्ग शहर के सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है।

उन्होंने सभी पालकों से कहा कि वे अपनी बेटियों को समय पर एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं, जिससे उन्हें भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित रखा जा सके। महापौर ने समस्त वार्ड जनप्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वे अपने-अपने वार्डों में अधिक से अधिक लोगों को एचपीवी वैक्सीनेशन के लिए प्रेरित करें।

### मिनीमाता चौक पुलगांव से जेल तिराहा तक हटाए कब्जे

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर के महत्वपूर्ण मार्ग मिनीमाता चौक पुलगांव से जेल तिराहा चौक तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण एवं पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य को लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज कर दी गई है। निगम की सख्ती और लगातार निरीक्षण का असर अब जमीनी स्तर पर साफ दिखाई दे रहा है। पोटिया चौक क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमणकर्ताओं ने प्रशासनिक कार्रवाई से पहले ही स्वयं आगे आकर अपने कब्जे हटाना शुरू कर दिया है, जिससे मार्ग चौड़ीकरण का रास्ता साफ हो गया है।

# तीन महीने में 2980 परिवारों के आशियाने का सपना हुआ साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दुर्ग जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले तीन महीनों में 2980 परिवारों के आशियाने का सपना साकार हुआ। जानकारी के मुताबिक फरवरी माह से अब तक निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा आवासों का निर्माण किया गया है। माह फरवरी में 831 के विरुद्ध 852 आवास, माह मार्च में 1058 के विरुद्ध 1062 आवास एवं माह अप्रैल में 1062 के विरुद्ध 1066 आवासों को पूर्ण कर लगातार 3 माह के लक्ष्य को पूर्ण करने की विशेष उपलब्धि हासिल की है। इसके पूर्व भी बेहतर क्रियान्वयन के कारण दुर्ग जिला पूरे प्रदेश में माह मई 2025 से मार्च 2026 तक प्रथम स्थान पर था। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बजरंग कुमार दुबे के मार्गदर्शन में आवासों का निर्माण किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में स्वीकृत कुल 15167 आवासों में से 12379 आवासों का निर्माण पूरा किया गया है। इस प्रकार निर्धारित लक्ष्य से 81.6 % आवासों का काम पूरा किया गया है। स्वीकृत 15167 आवासों में 1466 आवास महिला मुखिया के नाम एवं 12991 आवास संयुक्त (महिला एवं पुरुष) के नाम से स्वीकृत किया गया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा आवासों का निर्माण

### समय पर किस्त मिलने से काम समय पर हुआ पूरा

जानकारी के मुताबिक हितग्राहियों को आवास के विभिन्न चरणों में प्रगति के आधार पर किस्त की राशि सीधे उसके खाते में प्रदाय की गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 हितग्राहियों को प्रथम किस्त की राशि 6020 लाख , द्वितीय किस्त की राशि 7623 लाख एवं तृतीय किस्त की राशि 2476.75 लाख रू आज तक प्रदाय की जा चुकी है। योजनांतर्गत मनरेगा के माध्यम से 90 दिवस की मजदूरी दिए जाने का प्रावधान है। जिले में अब तक 12379 आवास पूर्ण किए जा चुके है।



### नियमित रूप से कार्यों का किया जा रहा निरीक्षण

ग्राम पंचायत स्तर पर मॉनिटरिंग हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई। जिनके द्वारा ग्राम सचिवों एवं रोजगार सहायकों के साथ संयुक्त भ्रमण कर समय समय पर प्रगति सुनिश्चित की गई। ग्राम पंचायत स्तर पर अधिकारियों की मॉनिटरिंग हेतु जिला स्तर पर कंट्रोल रूम की स्थापना की गई। जिनके द्वारा प्रतिदिन फील्ड स्तर के वास्तविक प्रगति की मॉनिटरिंग की जाती है। ग्राम पंचायत स्तर पर आ रही समस्या जैसे सेंट्रिंग की समस्या को संबंधित क्लस्टर के एसएचजी समूह की महिलाओं से समन्वय कर, मटेरियल की समस्या हेतु नोडल अधिकारियों द्वारा ट्रेडर्स से समन्वय कर यथासंभव निराकरण कराया गया।

## सिलेंडर के बढ़े दाम : कमर्शियल सिलेंडर में 913 रुपए हुआ महंगा

# 20 रुपए के समोसा-कचौरी अब 30 रुपए में बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेसी सड़क पर

## दुकानदारों ने बढ़ाई कीमतें, आम लोगों की जेब पर सीधा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कमर्शियल सिलेंडर 913 रुपए की बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ शहर और ग्रामीण जिला कांग्रेस ने रविवार को दुर्ग में जोरदार प्रदर्शन किया। अध्यक्ष राकेश ठाकुर, धीरज बाकलीवाल, मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में तीनों जिला कांग्रेस के कार्यकर्ता चंडी मंदिर चौक में इकट्ठा हुए। वहां बैनर पोस्टर लेकर सिलेंडर के दामों की वृद्धि के खिलाफ केंद्र की सरकार और प्रधानमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उसके बाद नारेबाजी करते हुए चंडी मंदिर से पांच कंडिल चौक होते हुए जैन मंदिर होते हुए वापस चंडी मंदिर चौक पहुंचे। गैस के दाम कम करने की मांग को लेकर केंद्र सरकार के ऊपर जमकर भड़के कांग्रेसी नारेबाजी करते रहे।

जिला कांग्रेस दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा नरेंद्र मोदी सरकार ने कमर्शियल गैस के दाम बढ़ाकर आम आदमी पर रोज बढ़ा दिया है। गैस के कारण मजदूर फैक्ट्री में काम करने छोड़कर पलायन कर रहे हैं आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ़ा दिया है। जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा लगातार केंद्र की मोदी सरकार आम आदमी का जीना दूभर कर रही है। कमर्शियल गैस के दाम पिछले 3 महीने में 1300 बढ़ा दिए गए। इसका सीधा भार आम जनता को पद रहा है। कई होटल बंद हो गए। होटलों में खाना-नाश्ते के दाम डेढ़ गुना तक बढ़ गए हैं।





### लगातार बढ़ रही महंगाई से जनता त्रस्त, निरंकुश शासन को नहीं चिंता, कांग्रेस करेगी लगातार प्रदर्शन

भिलाई जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार की आम जनता के प्रति कोई संवेदना कोई सहानुभूति नहीं लगातार महंगाई से देश की जनता त्रस्त हो गई है आज देश का 80% जनता कर्ज में डूबी हुई है। उसके बाद खाने-पीने की वस्तु और गैस के बढ़ते दामों ने आम जनता की कमर ही तोड़ दी जब तक केंद्र की भाजपा सरकार गैस के दाम कम नहीं करेगी कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ती रहेगी। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से दीपक दुबे, देवेंद्र देशमुख हृदय यादव अल्ताफ अहमद, राजेश यादव,संजय कोहले, प्रवक्ता नासिर खोखर सुशील भारद्वाज, लिखन साहू, अजय मिश्रा, गुरदीप भाटिया आनंद ताम्रकार, मुकेश साहू, देव सिन्हा, दीपक जैन, संजू धनकर, राहुल शर्मा, कन्या ढीमर सहित अन्य मौजूद थे।

### कमर्शियल सिलेंडर 3300 रुपए पहुंचा

भिलाई। दुर्ग जिले में रसोई गैस की बढ़ती कीमतों का असर



अब सीधे लोगों की थाली तक पहुंच गया है। खासकर कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में तेज बढ़ोतरी के बाद शहर में नाश्ते के लोकप्रिय आइटम समोसा और कचौरी भी महंगे हो गए हैं। भिलाई शहर में जहां पहले समोसा और कचौरी 20 रुपए प्लेट मिलते थे, वहीं अब इनकी कीमत बढ़कर 30 रुपए प्लेट हो गई है। एक प्लेट में दो पीस दिए जा रहे हैं, लेकिन कीमत में 50 फीसदी तक की बढ़ोतरी ने आम ग्राहकों को चौंका दिया है। सुपेला चौक स्थित पूजा नाश्ता सेंटर और रामनगर स्थित छोटू स्वीट्स समेत कई दुकानों में नई दरें लागू कर दी गई हैं। दुकानदारों का कहना है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर अब करीब 3300 रुपए में मिल रहा है, जबकि पहले यह काफी सस्ता था। इसके साथ ही सिलेंडर की किल्लत भी बनी हुई है, जिससे लागत और बढ़ गई है। दुकानदारों के अनुसार सिर्फ गैस ही नहीं बल्कि तेल, आटा और अन्य कच्चे माल की कीमतों में भी लगातार इजाफा हो रहा है। ऐसे में पुराने दामों पर सामान बेचना संभव नहीं रह गया था, इसलिए मजबूरी में रेट बढ़ाने पड़े। वहीं ग्राहकों का कहना है कि रोजमर्रा के नाश्ते पर इस तरह की बढ़ोतरी सीधे जेब पर असर डाल रही है। मजदूर वर्ग और आम लोग, जो पहले 20 रुपए में पेट भर लेते थे, अब उन्हें ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। कुल मिलाकर, गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी का असर अब साफ तौर पर बाजार में दिखाई दे रहा है, और इसका बोझ आखिरकार आम आदमी को ही उठाना पड़ रहा है।

# भिलाई-चरोदा निगम का सुशासन तिहार शुरू, वार्डवार कैंप लगाकर सुनी जाएंगी लोगों की शिकायतें




हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा ने शासन के निर्देश पर सुशासन तिहार 2026 के तहत जनसमस्या निवारण शिविरों की शुरुआत कर दी है। यह अभियान 10 जून तक चलेगा, जिसमें रोज सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक अलग-अलग वार्डों में शिविर लगाए जाएंगे। हर शिविर में नोडल अधिकारी, प्रभारी और सहयोगी कर्मचारियों की तैनाती की गई है, ताकि लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा सके।

- अधिकारियों की जिम्मेदारी तय, 10 जून तक लगेगा जनसमस्या निवारण शिविर

पहला शिविर 5 मई को वार्ड 1 से 6 के लिए उमदा सामुदायिक भवन में आयोजित होगा। इसके बाद 11 मई को वार्ड 7 से 17, 20 मई को वार्ड 18 से 29 और 28 मई को वार्ड 30 से 40 तक के लिए अलग-अलग स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में पानी, सफाई, बिजली, निर्माण, राजस्व सहित अन्य नागरिक समस्याओं से जुड़े आवेदन लिए जाएंगे। साथ ही मौके पर ही पंजीयन, दस्तावेज़ जांच और आवश्यक कार्रवाई की व्यवस्था भी की गई है।

निगम आयुक्त डीएस राजपूत ने बताया कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। शिविर स्थल पर कंप्यूटर, प्रिंटर, पंजीयन सामग्री और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी, ताकि शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा सके। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शिविर में प्राप्त आवेदनों को पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए और तय समय में उनका समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# चाकू दिखाकर लूटा, तीन गिरफ्तार चांदी की चेन और स्कूटी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭बालोद

चाकू दिखाकर लूटपाट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में बालोद पुलिस को सफलता मिली। आरोपियों के कब्जे से लूट के चांदी का चौन कीमती 6,000 रू व घटना में प्रयुक्त चाकू एवं घटना में प्रयुक्त एक नग स्कूटी सोल्ड कीमती करीबन 90,000 रू. को जप्त किया गया। शराब पीने के लिए पैसा नही होने से राह चलते व्यक्ति को रोककर मारपीट कर लूट किया था।

ग्राम डेंगरापार, थाना व जिला बालोद निवासी प्रार्थी हरिश कुमार साहू पिता प्रेमलाल साहू 24 वर्ष ने 01 मई को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 30 अप्रैल को अपने स्कूटी सीजी 24 3407 में बस स्टैण्ड बालोद से बालोद रिसार्ट घूमने आमापारा बालोद नहर–नाली के रास्ते जाते समय दोपहर 03:20 बजे नहर–नाली में पुलिया मोड़ पडरी रीया पेंड के पास पहुचे थे उसी समय पीछे तरफ से 01 गाढ़ा हरा रंग के स्कूटी में 03 लड़का आकर प्रार्थी के स्कूटी के सामने अपने स्कूटी को खड़ा कर प्रार्थी को रोककर जिसमें 01 लड़का जिस बाल हल्का मोटा सांवला, 02 लड़का छोटा बाल वाला हल्का मोटा सांवला लड़का एवं 03 लड़का खुंजरी बाल वाला हट्टा कट्टा सांवला लड़का ने मिलकर प्रार्थी को गाली–गलौच करते हुए हाथ–मुक्का से मारपीट कर 02 आरोपियों ने अपने पास रखे चाकू को दिखा कर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी के पर्स में रखे 300 रूपए नगदी, चांदी की चौन किमती 6000 रूपए एवं स्मार्ट वॉच किमती 1000 रूपए कुल किमती 7300 रूपए को लूट कर एवं प्रार्थी की स्कूटी क्र. सीजी 24 3407 को नहर–नाली पार से नीचे गिराकर नुकसान पहुंचाने की रिपोर्ट पर थाना बालोद में धारा 126(2), 296, 351(3), 115(2), 309(6), 324(2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।



गठित टीम द्वारा संदेही कुंरूपारा बालोद थाना व जिला बालोद निवासी विक्रम ठाकुर पिता रोहित ठाकुर 22 वर्ष, पचरीपारा कुरूद थाना कुरूद जिला धमतरी वर्तमान कुंदरूपारा बालोद थाना व जिला बालोद निवासी लीगल यादव पिता स्व. घनश्याम यादव 19 वर्ष का पता तलाश कर पुछताछ करने पर बताया कि 30 अप्रैल को अन्य आरोपी खाल्हेपारा बालोद निवासी अमित कुमार ठाकुर के साथ उनके स्कूटी से तीनों शराब पीने के लिये आमापारा बालोद के नहर नाली के रास्ते बैठकर शराब पिए, शराब पीने के बाद और शराब पीने का मन होने पर लूट–पाट करने का योजना बनाकर नहर–नाली के रास्ते से 01 स्कूटी में एक लड़का अकेले जा रहा था जिसके बाद तीनो ने उस लड़के के स्कूटी को नहर–नाली के पार से नीचे गिरा कर लूट किए 300 रूपए से शराब खरीदकर पीना बताये।

प्रकरण में आरोपी विक्रम ठाकुर से लूटे हुये चांदी की चैन किमती 6,000 रूपये को एवं घटना के दौरान उपयोग किये चाकू एवं घटना में प्रयुक्त एक नग स्कूटी सोल्ड कीमती करीबन 90,000 रू.को जप्त किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान 25. 27 आर्म्स एक्ट की धारा जोड़ी गई है। 04 मई के 12.50 बजे आरोपी अमित कुमार ठाकुर पिता रोहित कुमार ठाकुर उम्र 27 वर्ष निवासी महादेव भवन के पास खाल्हे पारा वार्ड क्रं 11 बालोद को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ ने किया श्रमिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर जिला भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा भाजपा कार्यालय दुर्ग में श्रमिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेजा, हमाल, कुली, मिस्त्री सहित विभिन्न निर्माण कार्यों से जुड़े मेहनतकश श्रमिकों का तिलक लगाकर, श्रीफल एवं गमछा भेंट कर सम्मान किया गया तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की सराहना की गई।

- श्रमिकों का तिलक लगाकर श्रीफल व गमछा भेंट किया

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के सहसंयोजक एवं दुर्ग संभाग प्रभारी दिनेश देवांगन उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता जिला संयोजक दिनेश मिश्रा ने की तथा संचालन राकेश दुग्गड़ ने किया।

कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि रोजी-मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले वृद्ध श्रमिक बैसाखू राम साहू को अतिथि मंच पर स्थान देकर सम्मानित किया गया। इस भावनात्मक क्षण ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अजय तिवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अरविंदर खुराना, झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ सहसंयोजक दीपक सिन्हा, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, कमलेश साहू,सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश श्रीवास्तव, नवीन साहू, उमेश गोस्वामी, अविनाश कुमार, कमलेश अवस्थी सहित बड़ी संख्या में श्रमवीर पुरुष एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

सम्मान समारोह में बरसात, धूप और कठिन परिस्थितियों में निरंतर श्रम कर समाज और देश के निर्माण में योगदान देने वाले मजदूरों के परिश्रम को नमन किया गया। दिनेश देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को निश्चित प्रीमियम राशि जमा करने पर 60 वर्ष की आयु के बाद आजीवन पेंशन की सुविधा प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक मजबूती देने की दिशा में कार्य कर रही है।

### युवा सेफ्टी सुपरवाइजर्स ने जाना स्वयं व दूसरों को बचाने का तरीका

भिलाई। बीएसपी के रिफ्रैक्टरी इंजीनियरिंग विभाग द्वारा कार्यस्थल सुरक्षा के प्रति अपनी सतत प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए एसआरयू इकाई के अंतर्गत कार्यरत संविदा सेफ्टी सुपरवाइजर्स के लिए तीन दिवसीय सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा आधारित सत्रों के साथ-साथ व्यावहारिक स्थल प्रशिक्षण भी सम्मिलित रहा।

## पेज 11 के शेष

### जेठ की भीषण ...

के समय अनावश्यक बाहर न निकलने, सिर को ढककर रखने, धूप से बचाव के लिए गमछा या टोपी पहनने, चश्मा लगाने तथा अधिक से अधिक तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी है। कुल मिलाकर, जेठ की प्रचंड गर्मी ने नगर की रफ्तार थाम दी है और दोपहर के समय डौंडीलोहारा की सड़कें वीरान नजर आ रही हैं

### विधानसभा चुनावों में भाजपा ...

वर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल, असम में भारतीय जनता पाटऍ की एक एक कार्यकर्ता व जनता ने मोदी पर विश्वास और विकास को महत्व देकर भाजपा का कमल खिलाया है। मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कंडेय ने कहा कि पश्चिम बंगाल असम की जनता ने विकास पर मुहर लगाकर भाजपा को बड़ी जीत दिलाई है वहां की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी पर विश्वास जताकर मत दिया है अब इन राज्यो मे विकास की नई गाथा लिखी जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर ...

सूचना मिला कि आपका जीजा अकबर, भांजा सोहन लाल, भतिजा त्रिलोक का ग्राम कन्हारपुरी के के आगे बडभूम रोड में एक्सीडेंट हो गया है, तब मै सूचना पाकर मौहारी भाठा बडभूम रोड के पास जाकर देखा तो मेरा जीजा अकबर के मोटर सायकल सीजी 05 वी 8191 को अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफ्तार, लापरवाही पूर्वक व खतरनाक ढंग से चलाते लाकर एक्सीडेंट कर दिया है जिससे अकबर, सोहन एवं त्रिलोक को चोटें आयी है।

## बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी की वार्षिक आमसभा

# बीएसपी सोसाइटी डेढ़ करोड़ के लाभ में, बैठक में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी एम्प्लाइज को-आपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने वित्तीय वर्ष अप्रैल 2025-26 में शानदार परिणाम देते हुए 1 करोड़ 48 लाख, 20 हजार 97 रूपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। सेक्टर-4 इस्पात क्लब में रविवार की सुबह 10 बजे से शुरू हुई सोसाइटी की सालाना आमसभा में अध्यक्ष पूरन देवांगन ने स्वागत भाषण दिया। दिन भर चली आमसभा के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई और अध्यक्ष व संचालक मंडल ने साल भर की गतिविधियों का ब्यौरा दिया।

- वर्ष 2025-26 का रिपोर्ट कार्ड सभा में किया पेश

इस दौरान आमसभा में बैलेंस शीट (2025-26) की स्वीकृति, बजट (2026-27) को मंजूरी और वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंकेक्षण की नियुक्ति को अनुमति देने सहित अन्य गतिविधियां संचालित की गई। शुरुआत में अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अध्यक्ष पूरन देवांगन ने बताया कि वित्तीय पत्रकों एवं संस्था की प्रगति के आधार पर विगत वर्षों से संस्था को अ वर्ग का दर्जा है, जो कि सोसाइटी के लिए गौरव की बात है। उन्होंने सभा के समक्ष बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में संस्था द्वारा कुल 14 करोड़, 98 लाख, 85 हजार रुपये का ऋण वितरित किया गया। इस अवधि में 52 करोड़, 89 लाख, 95 हजार 872 रूपए का लेनदेन किया गया। संस्था को वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 करोड़ 48 लाख, 20 हजार 97 रूपए का लाभ हुआ। इस अवधि में 125 सदस्यों को 16 लाख 18 हजार 776 रुपये का दुर्घटना बीमा हित लाभ प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान बीएसपी से सेवानिवृत्त हुए कुल 333 सदस्यों को 3 करोड़, 07 लाख, 05 हजार 785 रुपये की राशि अंतिम भुगतान किया गया। इसी तरह परिवार कल्याण मद के अंतर्गत 317 मामलों में 9 करोड़, 39 लाख छह हजार रुपए का भुगतान किया गया है।



### नियमित लोन की सीमा 3 से बढ़ाकर 5 लाख की गई

वर्तमान में 31 मार्च 2026 के अनुसार 3 हजार 741 सदस्यों वाली इस सोसाइटी की आमसभा में अध्यक्ष पूरन देवांगन ने बताया कि पिछली आमसभा में सोसाइटी को बेहतर ढंग से संचालित करने सदस्यों व पदाधिकारियों के सुझावों पर अमल करते हुए कई फैसले नई कार्यकारिणी ने लिए हैं। जिन्हें लागू कर दिया गया है। इनमें सोसाइटी का कार्यालयीन समय दोपहर 1 बजे से शाम 6:30 बजे तक होने से तीनों शिफ्ट के बीएसपी कर्मियों को अपना नियमित कामकाज करवाने में आसानी हुई है। एक जनवरी 2022 से आकस्मिक ऋण की सीमा एक लाख से बढ़ा कर दो लाख और नियमित ऋण की सीमा 3 लाख से बढ़ा कर 5 लाख कर दी गई है। उन्होंने बताया कल्याण (वेलफेयर) मद की राशि 22 हजार रुपये से बढ़ाकर 30 हजार कर दी गई है। वहीं आपात स्थिति के लिए 50 हजार रूपये का विशेष नया प्रावधान किया गया है।

### डिफाल्टर व जमानतदारों से किया जा रहा पत्र व्यवहार

देवांगन ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि ऋण वसूली सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। जिनमें 2 अग्रिम चेक तथा लंबे समय से ऋण की किश्त जमा नहीं करने वाले डिफाल्टर सदस्यों और उनके जमानतदारों को पत्र भेजना शुरू किया गया है, जिसके आशाजनक परिणाम निकले हैं। उन्होंने बताया कि संस्था को कंप्यूटरीकृत करवाने विवरण एकत्र कर प्रविष्टि का कार्य जारी है। इसके साथ ही प्रति माह रिटायर होने वाले सदस्यों को अगले माह की 15 तारीख को अंतिम भुगतान के साथ सम्मानित करने और सोसाइटी की गतिविधियों के लिए एसएमएस सेवा के माध्यम से जानकारी देने की पहल भी उल्लेखनीय पहल साबित हुई है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर, असमां परवीन, सदस्य विपिन बन्छोर, जानकी राव, शशि भूषण सिंह ठाकुर, पीएस कंवर और नितिशा साहू, मैनेजर सुदीप बनर्जी, पिजुष कर आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### नीट यूजी के 21 केंद्रों में 7322 ने दी परीक्षा

**भिलाई।** रविवार को नीट यूजी-2026 परीक्षा आयोजित की गई। ट्विनसिटी के 21 परीक्षा केंद्रों पर करीब 7500 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने वाले थे लेकिन देरी से पहुंचने की वजह से सैकड़ों अभ्यर्थी प्रवेश नहीं पा सके और उन्हे मायूस लौटना पड़ा। इस बार 7322 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। 178 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। खास बात यह है कि व्यापमं ने पेपर लीक जैसी घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाने डिजिटल लॉक और जीपीएस आधारित सुरक्षा प्रणाली लागू की गई। प्रश्नपत्रों को खास पेटियों में सुरक्षित रखा गया था जिनमें जीपीएस लॉक लगा रहा। ये लॉक एनटीए मुख्यालय दिल्ली से ऑनलाइन नियंत्रित हुआ। उसे निर्धारित समय पर खोलकर कक्षों में भेजा गया।

### स्कूल से 70 हजार का सामान पार

**भिलाई।** स्कूल का ताला तोड़कर सामान पार करने का मामला सामने आया है। घटना रानीतराई थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला केसरा की प्राचार्य प्लाट नंबर 626/7 अवधपुरी रिसाली निवासी प्रतिमा मौर्य ने शिकायत किया है कि शाला परिसर भीतर घुसकर ताला तोडकर अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गया है। जिसमें दो होम थिएटर, 15 नग हेड फोन, एक मानिटर, 4 की बोर्ड , बैटरी 7 नग, दवाई छिडकने वाले मशीन की बैटरी शामिल है। घटना की जानकारी स्कूल के सफाई कर्मी टिकेश्वर सिन्हा ने दी। स्कूल पहुंचने पर पीड़िता ने देखा तो तीन रूम के भी ताले टूटे पड़े है। चोरी हुए सामानों की कीमत 70 हजार रुपए आंकी गई है। लगातार स्कूलों में हो रही चोरियों को देखते हुए पुलिस ने मुखबिरों को अलर्ट किया है। यह पता लगाया जा रहा है कि यह काम किसी विशेष गिरोह का है या फिर अलग-अलग चोरी करने वाले आरोपियों का।

### ट्रक की टक्कर से एक छात्रा की मौत, दो की हालत गंभीर

**भिलाई।** तेज रफ्तार ट्रक चालक ने जुपिटर सवार तीन स्कूली छात्रा को चपेट में लिया। घटना में छात्राएं घायल हो गई है। उपचार के लिए अस्पताल लेकर जाया गया, जहां एक छात्रा की मौत हो गई है। जामुल पुलिस ने बताया कि घासीदास नगर के पास ट्रक चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जुपिटर सवार प्रीति, लक्ष्मी, हिमानी को पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में प्रीति कुमारी की मौत हो गई है। वही लक्ष्मी और हिमानी घायल है। चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है। तीनों छात्राएं नालंदा स्कूल में पढ़ाई करती है। जामुल के पास जूस दुकान में रुक कर तीनों जूस भी पिया था। उसके बाद अपनी सहेली हिमानी को छोड़ने के लिए जामुल की ओर जा रहे थे। तभी हादसा होना बताया गया है। घटना की खबर लगते ही आसपास के लोगों को भीड़ लग गई थई। ट्रक चालक ठोकर मारकर फरार हो गया था।

## समस्या : दिया तले अंधेरा: जलाशय के पास भी पानी को तरसता बोरिद

# तांदुला जलाशय के पास बसे बोरिद में पेयजल संकट, जल जीवन मिशन अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

■ जल जीवन मिशन अधूरा, तीन साल बाद भी नहीं मिला लाभ

आदिवासी विकासखंड डौंडी के ग्राम पंचायत दानीटोला के आश्रित ग्राम बोरिद में तांदुला जलाशय के डुबान क्षेत्र के समीप बसे इस गांव में ग्रामीण आज भी पेयजल के लिए भटकने को मजबूर हैं।

ग्राम में मौजूद लगभग 16 हैंडपंपों में से 11 जलस्तर गिरने के कारण बंद हो चुके हैं, जबकि शेष 5 हैंडपंपों में भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में कुछ निजी बोरवेल और एक सौर ऊर्जा आधारित बोर ही ग्रामीणों के लिए पानी का सहारा बने हुए हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है।





केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन (हर घर जल) योजना के तहत गांव में पानी टंकी का निर्माण तो कर दिया गया है, लेकिन तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी यह योजना अधूरी पड़ी है। टंकी को भरने के लिए न तो बोर की व्यवस्था की गई है और न ही पाइपलाइन का समुचित कनेक्शन किया गया है। गांव की गलियों में पाइपलाइन बिछाने और घरों तक नल कनेक्शन देने का कार्य भी अधूरा है, जिससे ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। करीब 250 घरों और लगभग 1350 की आबादी वाला यह गांव आज भी हैंडपंप और तालाब के पानी पर निर्भर है। निस्तारी के लिए तीन तालाब ही एकमात्र विकल्प हैं। जल संकट के चलते शौचालयों के उपयोग में भी कमी आई है और कई ग्रामीण खुले में शौच के लिए मजबूर हो रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि निर्माण एजेंसी और विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के कारण योजना अधर में लटकी हुई है। समयसीमा के भीतर कार्य पूरा न होने के बावजूद ठेकेदार के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने दोषी ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

पूर्व जनपद सदस्य अनिल सुथार ने कहा कि योजना कागजों तक सीमित होकर रह गई है और विभागीय अधिकारी इस ओर गंभीर नहीं हैं। वहीं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ नितिन ठाकुर ने बताया कि जलस्तर गिरने के कारण समस्या उत्पन्न हुई है, जिसे दूर करने के लिए शाला के बोर से पाइपलाइन जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। ग्राम पंचायत दानीटोला के सरपंच हरिश चंद्र ने बताया कि कई बार विभाग को कार्य पूर्ण करने के लिए कहा गया, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। उन्होंने शीघ्र पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में जल संकट विकराल रूप ले सकता है।

## जनगणना 2027 की तैयारियां तेज अर्जुन्दा में प्रगणकों-पर्यवेक्षकों की नियुक्ति





**अर्जुन्दा।** भारत सरकार की महती योजना जनगणना 2027 में दिये गये निर्देशानुसार नगर पंचायत अर्जुन्दा क्षेत्र में 15 प्रगणक एवं 3 पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है।

चार्ज अधिकारी चन्द्रकांत शर्मा द्वारा प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को मोबाईल ऐप इंस्टाल कर शतप्रतिशत संतुष्टि पूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया गया है। नियुक्त प्रगणकों द्वारा नगर पंचायत अर्जुन्दा के 15 वार्डों में दिनांक 01 मई 2027 से कार्य प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत आज दिनांक 04 मई 2026 को राज्य जनगणना अधिकारी श्री यशवर्धन सिंह द्वारा नगर पंचायत अर्जुन्दा के सभी एचएलबी (वार्डों में) प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा किये जा रहे जनगणना कार्य का निरीक्षण किया गया। प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का आ रही तकनीकी समस्याओं का निराकरण किये तथा कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार एवं ग्रामीण चार्ज अधिकारी चन्द्रशेखर चन्द्राकर, नायब तहसीलदार बी. रूद्रपति, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं शहरी चार्ज अधिकारी चन्द्रकांत शर्मा एवं फिल्ड ट्रेनर्स आरके हिरवानी उपस्थित थे।

## डौंडी में भाजपा की जीत का जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी



तीन राज्यों बंगाल, असम, पाण्डेचेरी के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर डौंडी नगर में भाजपाइयों ने जमकर खुशियां मनाई। मुख्य मार्ग दुर्गा मंदिर के सामने कार्यकर्ताओं ने नारे बाजी जयकारों के साथ पटाखे फोड़े और एक दुसरे व राहगीरों को मिठाई बांटकर जीत की बधाई दी।जश्न का माहौलःजैसे ही बंगाल, असम, पाण्डेचेरी राज्य के नतीजे आए और भाजपा को बहुमत मिलता दिखा, डौंडी में कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष के नेतृत्व मे दुर्गा चौक पहुंचने लगे।

मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवम दुबे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और मोदी है तो मुमकिन है के नारे लगाए। आतिशबाजी के बाद सभी ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया। भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक नगर अध्यक्ष मोहतिन चौरका ने कहा, ये जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकास कार्यों और गरीब कल्याण योजनाओं की जीत है। तीन राज्यों की जनता ने डबल इंजन सरकार पर भरोसा जताया है। वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश अग्रवाल, सोमेश सोरी, हिंसा राम साहू ने कहा, हर घर जल हर घर नल सड़क, उज्ज्वला, आयुष्मान जैसी योजनाओं से हर गरीब के घर खुशहाली आई है। ये उसी का नतीजा है। इस दौरान महिला मोर्चा अध्यक्ष रत्ना हिरवानी, राधिका भरद्वाज, रेखा चौहान, रजनी जायसवाल,माधवन डोंगरे,महावीर ठाकुर, अनिल निर्मलकर, प्रशांत नेताम, यदुन्दन देवहारी युवा नेता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। शांति व्यवस्थाः जश्न के दौरान डौंडी थाना प्रभारी उमा ठाकुर के निर्देश पर पुलिस बल तैनात रहा। कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।जनता की प्रतिक्रियाः मिठाई लेने आए स्थानीय निवासी भुवन, गोलु यादव, उमेश धनकर, रोहित मंडावी ने कहा,चुनाव कोई भी जीते, देश का विकास होना चाहिए। डौंडी क्षेत्र मे विकास हो रहा हैं, इसका श्रेय राज्य व केंद्र की भाजपा सरकार को जाता।

## कमजोर परीक्षा परिणाम पर केवल निजी स्कूलों को नोटिस, संघ ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में 50 प्रतिशत से कम परिणाम वाले विद्यालयों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा 11 निजी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने पर निजी विद्यालय संघ ने कड़ा विरोध जताया है।

संघ का कहना है कि इस कार्रवाई में पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया गया है। जिले में शासकीय एवं निजी दोनों प्रकार के विद्यालय बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे, लेकिन केवल निजी विद्यालयों को ही नोटिस जारी कर उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि समाचार प्रकाशित करने से पहले सभी संबंधित विद्यालयों को बुलाकर प्रत्यक्ष रूप से स्पष्टीकरण लिया जाना चाहिए था। संघ ने यह भी आरोप लगाया कि जिन शासकीय विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 50 प्रतिशत से कम रहा, उनके नाम सार्वजनिक नहीं किए गए, जिससे असमानता स्पष्ट होती है। यदि सभी विद्यालयों पर समान रूप से कार्रवाई की जाती तो इस तरह की मानसिक पीड़ा नहीं होती। निजी विद्यालय संघ ने जिला शिक्षा अधिकारी से निष्पक्ष एवं समान कार्यवाही की मांग करते हुए कहा है कि आगे से सभी विद्यालयों के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। कमजोर परीक्षा परिणाम पर प्रगति विद्यालय ने दिया स्पष्टीकरण, सुधार का दिलाया भरोसा सत्र 2025–26 के बोर्ड परीक्षा परिणाम में कमी को लेकर जारी नोटिस के संबंध में प्रगति विद्यालय, डौंडीलोहारा द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को विस्तृत स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया है। विद्यालय प्रबंधन ने अपने पत्र में बताया कि इस वर्ष कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 30 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं का 35 प्रतिशत रहा, जो कि पूर्व वर्षों की तुलना में कमजोर है। संस्था ने इसे असामान्य स्थिति बताते हुए उल्लेख किया कि विद्यालय का पूर्व रिकॉर्ड उत्कृष्ट रहा है। पिछले वर्षों में विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। प्रबंधन ने स्पष्टीकरण में बताया कि इस सत्र में विशेष रूप से कक्षा 10वीं में अध्ययनरत कमजोर विद्यार्थियों की संख्या अधिक थी। उन्हें अतिरिक्त कक्षाओं के माध्यम से तैयारी कराई गई, लेकिन कई विद्यार्थियों द्वारा अपेक्षित मेहनत नहीं की गई, जिसके कारण परिणाम प्रभावित हुआ। विद्यालय ने आश्वासन दिया है कि आगामी सत्र में बेहतर परिणाम के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। साथ ही, इस प्रकार की स्थिति की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

## ऑनलाइन मानस ब्रह्म कार्यक्रम का शुभारंभ आज जन-जन को रामकथा से जोड़ने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

गत वर्ष श्रावन मास के पच्चीस दिवसीय एवं भाद्र मास के तीज पर्व पर पांच दिवसीय आनलाइन मानस यात्रा के पश्चात सर्व कल्याण की भावना को धारण करते हुए एक बार पुनः इस वर्ष 05 मई मंगलवार से मानस दर्शन जीवन अर्पण के छठवें संस्करण का शुभारंभ किया जा रहा है जिसका नाम मानस ब्रह्म गर्भ रखा गया है। मानस ब्रह्म गर्भ परिकल्पना के माध्यम से मानस के गर्भ में समाहित ब्रह्म के चिदानंद स्वरूप के दिग्दर्शन से जीवन को धन्य बनाने का यत्किंचित प्रयास किया जा रहा है।

### 110 मानस मंडलिया भाग लेंगी

इस संस्करण में छत्तीसगढ़ के 110 सुप्रसिद्ध एवं नामचीन मानस मंडलियां भाग ले रही है। मानस दर्शन जीवन अर्पण कोरोना के विभीषिका काल में भी जन मानस को आनलाइन रामकथा के माध्यम से पोषित करता रहा और आज भी आनलाइन रामकथा के माध्यम से जन मानस को शीतलता प्रदान कर रहा है। मानस दर्शन जीवन अर्पण परिवार सिर्फ आनलाइन रामकथा का परिचायक नहीं है अपितु हमारी सभ्यता, हमारी संस्कृति और अध्यात्म को अपने आप में संजोए हुए है। मानस दर्शन जीवन अर्पण के संस्थापक श्रद्धेय दीपक गुहा जी द्वारा आनलाइन के माध्यम से जन जन तक रामकथा को पहुंचाने का एक अद्वितीय पहल है। आज के समय में मानस दर्शन जीवन अर्पण न सिर्फ छत्तीसगढ़ अपितु राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम आनलाइन रामकथा प्रस्तुत करने वाला एक अद्वितीय पटल है।

### ऑनलाइन गूंजेगा राम नाम

इस आयोजन मे इस अंचल के चर्चित मानस मंडलियों की प्रतिभागिता रहेगी। जिसमें गायत्री महिला मानस मंडली किकिरमेटा, रामेश्वर मानस मंडली शुक्लाडीह, एकता मानस मंडली देवादा, सिद्धि विनायक मानस मंडली बठेना, बाल शिरोमणि मानसवृंद करसा, रघुनायक मानस मंडली परसाही, डिजिटल पटल पर भगवान राम के चरित्र की सुमधुर स्वरलहरी मे गुनगान करेंगे।

### ऑनलाइन संस्कार की विरासत भावी पीढ़ी को देने की अभिनव पहल

पाटन तहसील मानस संघ के सदस्य शिक्षा विद छन्नूलाल साहू ऐसे आयोजन के उद्देश्य के परिप्रेक्ष्य मे बताया कि आज के डिजिटल युग सम्पूर्ण राजनीतिक, सामाजिक, प्रशासनिक और समस्त कार्य डिजिटल हो गया है। लोग सोशल मीडिया साइट पर अवांछित तथ्यों पर बहुत समय व्यतीत कर रहे हैं। इसलिए राम चरित मानस के डिजिटल संस्करण के माध्यम से संस्कारिक और आध्यात्मिक विचार धारा को जनमानस मे प्रसारित किया जाए। आनलाइन मानस के संगठन कर्ता एवं सचिव, मानस व्याख्याकार हितेंद्र कुमार साहू भी आधुनिक परिवेश के आधार पर साहित्य, संस्कृति और ज्ञान का प्रसार यथासाध्य करने एक सुगम मार्ग मानते हैं।

## दो पक्षों में मारपीट काउंटर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सब्जी पसरा लगाने की बात को लेकर दो पक्षो में मारपीट हो गई। जिसके बाद दोनो ही पक्षो ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वार्ड नं. 07 गुण्डरदेही थाना गुण्डरदेही निवासी मंगलीन सोनकर ने पुलिस को बताया कि शाम बुधवारी बाजार गुण्डरदेही हटरी में सब्जी बेच रही थी, जो मेरे सब्जी पसरा के जगह में सब्जी कैरेट को क्यों रखे हो कहकर बोलने की बात को लेकर माखन लाल सोनकर, रेशी सोनकर, चमरू राम सोनकर तीनों तुम बोलने वाली कौन होते हो कहकर गाली गलोच कर, जान से मारने की धमकी देते हुए मुझे हाथ–मुक्का से मारपीट किये हैं तथा माखन सोनकर के द्वारा प्लास्टिक के कैरेट एवं बांस के डंडा से मेरे सिर को मारा है, मारपीट करने से मेरे सिर में चोंट आया है, तथा बदन में दर्द हो रहा है। घटना को देखकर मेरे दोनो लड़का ओमकार सोनकर तथा रेमलाल सोनकर बीच बचाव करने आये तो उनको भी गाली गलोच कर, जान से मारने की धमकी देते हाथ–मुक्का एवं बांस के डंडा से मारपीट किये हैं। रेशी सोनकर द्वारा मेरे बेटे रेमलाल सोनकर के दांये हांथ के कंधा के पास दांत से कांट दी है। मारपीट करने से रेमलाल सोनकर के सिर में चोंट आया है, तथा ओमकार सोनकर के चेहरा, कान, घुटना में चोंट आया है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने चार लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वार्ड नं. 07 गुण्डरदेही थाना गुण्डरदेही निवासी रामेश्वरी सोनकर ने पुलिस को बताया कि शाम मै बुधवारी बाजार गुण्डरदेही में सब्जी पसरा लगा रही थी उसी समय मंगलीन सोनकर द्वारा सब्जी पसरा लगाने की बात को लेकर मुझे गालियां दे रही थी जिसे मेरे द्वारा गाली देने से मना करने पर मंगलीन सोनकर, ओमकार सोनकर, लुबी, मंगलीन सोनकर की बहु रेवती सोनकर चारो एक राय होकर गालिया देते हुए जान से मारने की धमकी देकर मुझे हाथ मुक्का से मारपीट किये हैं, मारपीट करने से मेरे पैर, घुटना, बाये हाथ के कोहनी, पीठ कमर में चोंट आया है दर्द हो रहा है।

बीच बचाव करने के लिये मेरे पति माखन सोनकर आये तो उसे भी हाथ मुक्का से मारपीट किये है, तथा ओमकार सोनकर, लुबी सोनकर पत्थर से मेरे पति के सिर में मारा है, जिससे मेरे पति माखन सोनकर के सिर, घुटना, पीठ में चोंट लगा है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने चार लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## मां कर्मा जयंती और सामूहिक विवाह की समीक्षा बैठक में सहयोग के लिए 4 दिव्यांगों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा




दल्लीराजहरा में तहसील साहू संघ द्वारा आयोजित मां कर्मा जयंती एवं दो दिवसीय निःशुल्क सामूहिक आदर्श विवाह समारोह की समीक्षा बैठक बस स्टैंड स्थित साहू सदन में संपन्न हुई। बैठक में कार्यक्रम की आय-व्यय का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से मिले सहयोग और सहभागिता को सराहा गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने इसे अब तक के सबसे सफल आयोजनों में शामिल बताया।

अध्यक्ष शीतल साहू ने सामूहिक प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वरिष्ठों के मार्गदर्शन और समाज की एकजुटता से आयोजन को नई ऊंचाई मिली। उन्होंने अगले वर्ष से इस आयोजन में विधवा एवं विधुर पुनर्विवाह को भी शामिल करने का प्रस्ताव रखा, जिसे व्यापक समर्थन मिला।

समारोह की विशेषता रही भव्य कलश यात्रा, जिसमें करीब एक हजार से अधिक लोगों की भागीदारी दर्ज हुई। इस दौरान समाज के चार दिव्यांग गजानंद साहू, मेघनाथ साहू, लीला साहू और सरस्वती साहू की प्रेरणादायक सहभागिता पर उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले केशव साहू और मनोहर साहू को भी सम्मान मिला। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने समाज की सक्रियता को प्रेरणादायक बताते हुए भविष्य में और व्यापक भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। सचिव राजेश साहू ने जानकारी दी कि आगामी मां भानेश्वरी जयंती संभाग स्तर पर बालोद जिले के ग्राम सनौद में आयोजित होगी, जिसके लिए सभी क्षेत्रों से अधिकाधिक उपस्थिति का आह्वान किया गया। साथ ही मां कर्मा के भव्य मंदिर निर्माण हेतु सहयोग की अपील भी की गई। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से आए पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और सामूहिकता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

## आपात स्थिति पर त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वय की क्षमता का प्रदर्शन

**भिलाई।** जेके लक्ष्मी सीमेंट संयंत्र में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सेफ्टी गेट मीटिंग से हुई, जहां श्रमिकों ने नाटक के माध्यम से सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान कार्यस्थल की सुरक्षा को लेकर शपथ दिलाई गई और श्रमिकों के बीच मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम में संयंत्र प्रमुख राजपाल सिंह शेखावत ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों को पुरस्कृत कर उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि संयंत्र में श्रमिकों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और प्रत्येक माह की पहली तारीख को श्रमिकों की सहभागिता से विशेष बैठक आयोजित की जाती है। मई दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के उपसंचालक मनीष कुंजाम के मार्गदर्शन में संयंत्र में सेफ्टी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### दो बहनों ने बढ़ाया ग्राम धमना का मान, बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**जामगांव आर।** सेजस बेलहारी ग्राम धमना निवासी छात्र दो बहने रेशमा कक्षा 12वीं जीव विज्ञान में 84 प्रतिशत और सुभागी कक्षा दसवीं में 90 प्रतिशत लेकर माता पिता गुरु और ग्राम धमना का मान बढ़ाया। ओबीसी संयोजन समिति के प्रदेश प्रचारक युवराज सिंह साहू की दोनों पुत्रीयो की इस सफलता पर युवा सामाजिक कार्यकर्ता ढाल सिंह साहू, सरपंच लोकेश महलवार पूर्व सरपंच अंकालू साहू, स्थानीय साहू समाज धमना महेश साहू, टिकेश्वर निर्मलकर, कमलेश यादव, रवि अग्रवाल, सत्येंद्र सोनी ने हर्ष व्यक्त किया।

### गुरूर में सामाजिक सद्भाव बैठक की तैयारी

**गुरूर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड गुरुर द्वारा संघ शताब्दी वर्ष के षष्ठ कार्यक्रम में सामाजिक सद्भाव बैठक का आयोजन किया जाएगा जिसकी तैयारी के लिए समायोजन बैठक 5 मई को देउर मंदिर गुरूर में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक रखी गई है। जिसमें खंड में निवासरत विभाग, जिले एवं खंड के दायित्ववान कार्यकर्ता, मंडल पालक, मंडल संयोजक, प्रशिक्षित व सूचित कार्यकर्ता, खंड में निवासरथ सभी स्वयंसेवक, सभी अनुसांगिक संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### बंगाल में राष्ट्रवाद का उदयः पंकज चौधरी

**अंडा।** पश्चिम बंगाल, असम, पांडुचेरी विधानसभा चुनाव में भाजपा स्पष्ट बहुमत पर भाजपा



युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंकज चौधरी ने कहा भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबिन, चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान के कुशल नेतृत्व और दृढ़ प्रतिबद्धता के संकल्प का श्रेय भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया है। पंकज चौधरी ने कहा बंगाल की जनता ने भय, तुष्टिकरण को नकार कर विकास, सुशासन और राष्ट्रहित के पक्ष में जनादेश दिया है! बंगाल असम में लगातार बूथ पर संगठन पर कार्यकर्ताओ के सामूहिक मेहनत का नतीजा है।

### दो गांजा तस्कर पुलिस की पकड़ में, की गई कार्रवाई

**भिलाई।** गांजा तस्करी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर इंदिरा नगर पाटन एवं ग्राम खोपली मचांदुर में घेराबंदी कर इंदिरा नगर पाटन निवासी जितेश यादव उर्फ जीतू, ग्राम खोपली मचांदुर, चन्द्रहास देशलहरे उर्फ चिंटू को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से पुलिस ने नगदी रकम और मोबाइल जब्त किया गया। कार्रवाई में उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील किया है कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सहयोग करें।

## आयोजन : महिला एवं बाल विकास विभाग ने दी योजनाओं की जानकारी

# जिला स्तरीय सुशासन तिहार शिविर में 370 आवेदनों में 176 का मौके पर निराकरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

राज्य शासन के निर्देशानुसार शासकीय कार्यों में पारदर्शिता तथा योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु संचालित सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत जिले के ग्रामीण अंचलों में जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत ग्राम पंचायत कुथरेल में जिला स्तरीय सुशासन तिहार का सफल आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं और मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं।

■ सामाजिक जागरूकता पर विशेष जोर

शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी गई। विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना, छत्तीसगढ़ महिला कोष एवं सक्षम योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

इसके अलावा विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में संचालित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, कुपोषण मुक्ति कार्यक्रम, तथा बाल विवाह रोकथाम एवं बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को रोकने और बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने की अपील की।



यह जानकारी परियोजना अधिकारी उषा झा एवं पर्यवेक्षक सोनल सोनी ने दी। इस अवसर पर ममता साहू (चंदखुरी), चंद्रकला वर्मा (अंडा सेक्टर), प्रमिला वर्मा (उतई सेक्टर), सोनल सोनी (हनोदा सेक्टर) सहित विभागीय अधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 370 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 176 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष 194 लंबित आवेदनों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित कर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में प्रदेश के पिछड़ा एवं अन्य वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया और विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह ने भी शिविर का निरीक्षण कर अधिकारियों से आवेदन निराकरण प्रक्रिया की जानकारी ली तथा अधिक से अधिक आवेदनों का समाधान उसी दिन करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, अतिरिक्त तहसीलदार श्रीमती क्षमा यदु, जनपद पंचायत सीईओ रूपेश पाण्डेय, समस्त विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य श्रध्दा साहू, जनपद सभापति लोशम चन्द्राकर, अजीत चन्द्राकर, वर्मा ,कुथरेल सरपंच गीता गजपाल, भानपुरी सरपंच उमेंदी ठाकुर, जंजगिरी गीता कमलेश ठाकुर,अंडा सरपंच दिग्विजय सिन्हा, अछोटी सरपंच झन्ना दिल्लीवार, आलबरस सरपंच पूर्व सैनिक भूवन लाल देशमुख, विनायकपुर सरपंच योगेंद्र दिल्लीवार, निकुम सरपंच भागवत पटेल, चिरपोटी सरपंच पूजा चन्द्राकर, रिसामा पोषण लाल साहू सहित अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में थाना अंडा का विशेष सहयोग रहा।




## गायत्री परिवार के तत्वावधान में पांच दिनी युवा शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में 4 मई से 8 मई तक आयोजित पांच दिवसीय आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का शुभारंभ मां गायत्री एवं देव पूजन के साथ हुआ। शिविर के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ प्रज्ञापुत्र रंजन लाल गुरुपंच उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक समन्वयक भोलाराम साहू ने की, विशेष अतिथियों के रूप में ट्रस्टी लुनकरण ठाकुर, प्रशिक्षक टोली प्रमुख कुलदीप कृष्ण भारती, डागेश्वर साहू, भेमेश्वरी साहू एवं सुमन साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस दौरान सभी अतिथियों एवं शिविर में भाग ले रहे 50 शिविरार्थियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में भोलाराम साहू ने कहा कि जैसे हीरे की पहचान जौहरी ही कर सकता है, वैसे ही युवाओं की प्रतिभा को पहचानकर उन्हें सही दिशा देने के उद्देश्य से इस शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भीतर छिपी प्रतिभा, कौशल एवं शक्ति को निखारने के लिए यह शिविर अत्यंत महत्वपूर्ण है।

■ धार्मिक अनुष्ठान के साथ हुई शुरुआत

ट्रस्टी लुनकरण ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि युवा ही हर परिवर्तन और क्रांति के आधार होते हैं। यदि समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है तो युवाओं की दिशा और धारा को सही मार्ग देना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन मिलन सिन्हा ने किया, वहीं विरेन्द्र कुमार बघेल ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

शिविर के प्रथम सत्र में प्रशिक्षक टोली द्वारा अनुशासन गोष्ठी एवं टोली निर्माण का कार्य संपन्न कराया गया। द्वितीय सत्र में "सफलता के सूत्र" विषय पर प्रशिक्षक सुमन साहू ने प्रभावी कक्षा का संचालन किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कैलाश साहू, तुलसी साहू, रेखा साहू, सावित्री कंवर, अशोक साहू, कमलेश देशमुख, दुष्यंत कोलियारे, दारा सिंह भौसार्य, पुराणिक सोरी,



## टिकरी में कलार समाज का तहसील निर्वाचन, जसवंत सिन्हा बने मंडलेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

छत्तीसगढ़ सिन्हा कलार समाज तहसील अर्जुन्दा मंडलेश्वर अध्यक्ष पद का निर्वाचन रविवार को ग्राम टिकरी में संपन्न हुआ।

समाज के इष्टदेवी माता बहादुर कलारिन व भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुनदेव की पूजा अर्चना के पश्चात निर्वाचन प्रक्रिया प्रारम्भ हुआ। तहसील निर्वाचन में मंडलेश्वर पद हेतु जसवंत सिन्हा ग्राम चीचा को सर्व सम्मति से निर्विरोध मंडलेश्वर चुना गया, वही सचिव जागृत सिन्हा, कोषाध्यक्ष रोमलाल सिन्हा, युवा मंच अध्यक्ष देवेन्द्र सिन्हा,



सचिव थलेश सिन्हा सरपंच डुडेरा, कोषाध्यक्ष मल्लेश्वर सिन्हा, महिला मंच अध्यक्ष त्रिवेणी सिन्हा सरपंच रेहची आदि को बनाए गए है।

जिला निर्वाचन अधिकारी अश्वनी सिन्हा के द्वारा निर्विरोध निर्वाचन घोषित करने के बाद सभी पदाधिकारीगण को शपथ दिलाई गई। बतादे कि जसवंत सिन्हा समाज के विकास और उत्थान के लिए लगातार सक्रिय रहकर कार्य कर रहे थे। जिसके चलते समाज के लोगो ने उनको मंडलेश्वर की जिम्मेदारी सौंपी है। इधर जसवंत सिन्हा ने कहा कि समाज ने जो मृझे जिम्मेदारी सौंपी है, उन पर मै खरा उतरने का प्रयास करुगा।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चमन सिन्हा, जिला सचिव चंद्रहास सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष हरदेव सिन्हा, जिला मुख्य कोष निरीक्षक घनश्याम सिन्हा, जिला निर्वाचन अधिकारी अश्वनी सिन्हा, सह निर्वाचन अधिकारी रामस्वरूप सिन्हा, निर्वाचन सहयोगी रूपेंद्र सिन्हा सहित सिन्हा समाज अर्जुन्दा तहसील से सैकड़ों की संख्या में स्वजातीय उपस्थित थे।

## 28 वर्षों की सेवा के बाद सेना से लौटे जवान का जोरातराई में भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम जोरातराई के पदमन लाल साहू पिता बंसी राम साहू ने भारतीय सेना में 28 वर्षो की गौरवपूर्ण सेवा पूर्ण करके अपने गृह ग्राम पहुंचा जहां समस्त ग्रामवासियों व आस पास के क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत स्वागत किया है।

जवान अपने साहस अनुशासन और समर्पण से न केवल देश की रक्षा की बल्की सभी ग्रामवासियों का सिर गर्व से ऊंचा किया, जवान का देश के प्रति सेवा भाव प्रेरणादाई रही है अपना अनुभव, नेतृत्व और मुल्यो से समाज को नई दिशा देंगे और कई लोगों के लिए प्रेरणा बनेंगे। समस्त ग्रामवासियो ने इस जवान का गृह ग्राम पहुंचते ही भव्य स्वागत किया और भारत माता की जयकारे एवं पुष्प मालाओ. के साथ जवान का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल गुंडरदेही के उपाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत साहू, सरपंच



बृजलाल साहू, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष हेमन्त चन्द्राकर, सोमनाथ साहू, रोशन साहू, एवत राम साहू, रवि कुमार साहू (शिक्षक), डॉ. सुरेश साहू, कामता साहू, बंसी राम साहू, शालिक राम साहू, गेंद लाल साहू, संतोष साहू, पंच खेमसी धीवर, हेमबाई साहू, ऋचा ठाकुर, गोदावरी साहू सुशीला साहू, जागेश्वरी साहू, रुखमणी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## विनायकपुर में पानी संकट गहराया, तालाब सूखे, ग्रामीणों ने प्रशासन से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग जिले के ग्राम पंचायत विनायकपुर में तांदुला जलाशय से तालाबों में पर्याप्त पानी नहीं भराए जाने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा जिला प्रशासन को आवेदन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की गई है। आवेदन में बताया गया है कि हर वर्ष अप्रैल माह में तांदुला जलाशय बालोद से नहर के माध्यम से गांव के



सभी निस्तारी तालाबों में पानी भरा जाता था। लेकिन इस वर्ष केवल एक ही तालाब में लगभग 70 प्रतिशत पानी दिया गया है, जबकि बाकी चार तालाब सूखे पड़े हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पहले से ही पेयजल और निस्तारी पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। गर्मी बढ़ने के साथ हालात और खराब हो गए हैं। तालाबों में पानी नहीं होने से पशुओं, किसानों और आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि अन्य गांवों के निजी तालाबों में भी भरपूर पानी दिया गया है, जबकि विनायकपुर के तालाबों की अनदेखी की गई है। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

सरपंच ने जिला प्रशासन से मांग की है कि भीषण गर्मी और पानी की कमी को देखते हुए गांव के सभी निस्तारी तालाबों में जल्द से जल्द तांदुला जलाशय से पानी भरवाया जाए, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि यदि कम पानी ही उपलब्ध है तो गांव का एक्वीमेंट रद्द कर दिया जाए, क्योंकि कम पानी से गांव की समस्या का समाधान नहीं होगा।

## ऑपरेशन मुस्कान व तलाश में बालोद पुलिस को बड़ी सफलता, 106 गुमशुदा सुरक्षित बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला में संचालित विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान एवं ऑपरेशन तलाश के तहत गुमशुदा बालक, बालिकाओं, महिलाओं एवं पुरुषों की पतासाजी हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। उक्त अभियान के दौरान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक बालोद पुलिस द्वारा बालक 01, बालिका 07, महिला 69 एवं 29 पुरुषों सहित कुल 106 गुमशुदा व्यक्तियों की पतासाजी कर उन्हें सकुशल विधिवत उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। गुमशुदा व्यक्तियों की शीघ्र पतासाजी हेतु जिले के समस्त थाना, चौकी स्तर पर विशेष टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्य, साइबर इनपुट एवं मुखबिर तंत्र का प्रभावी उपयोग किया गया। उक्त कार्यवाही में जिले के समस्त थाना प्रभारी, थाना स्टाफ, साइबर सेल, डीसीबी शाखा एवं बालक विरुद्ध अपराध अन्वेषण शाखा बालोद का विशेष योगदान रहा है। जिला पुलिस बालोद द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि किसी भी व्यक्ति के गुम होने की सूचना तत्काल नजदीकी थाना अथवा पुलिस कण्ट्रोल रूम को दें, जिससे त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

■ साइबर सेल व डीसीबी शाखा का अहम योगदान












